# संक्रामक श्वसन कण

**सरोत: द हिंदू**

**वशि्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** ने वायु के माध्यम से प्रसारित रोगजनकों का वर्णन करने के लिये एक मानकीकृत शब्द **'संक्रामक श्वसन कण' (IRP)** पेश किया है।

- इस कदम का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में शब्दावली को एकीकृत करना, वैज्ञानिक एवं नीतिमार्गदर्शन को बढ़ावा देना और साथ ही **कोविड-19**, इन्फ्लूएंज़ा, खसरा, **मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (MERS)**, **सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम (SARS)** तथा **तपेदिक (TB)** जैसे श्वसन संक्रमणों को लेकर लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ाना है।
- WHO का स्पष्टीकरण IRP को **'एरोसोल' तथा 'ड्रॉपलेट'** जैसे पहले उपयोग किये गए शब्दों से अलग करता है, जो कण आकार की निरंतरता पर ज़ोर देता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/infectious-respiratory-particles